हिन्दी मासिक अंक : 9 वर्ष : 13 दिसम्बर 2025 ₹5/-

अक्षय किरण

राजसमंद में विकास का प्रकाश

राजसमंद विधानसभा : दो वर्ष –विकास, सुशासन और विश्वास।

जनकल्याण–विकास की मूल धुरी

श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना के माध्यम से 4.29 लाख से अधिक नागरिकों को मात्र ₹8 में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 494 पक्के आवास पूर्ण हुए, वहीं मुख्यमंत्री जन आवास योजना के 1072 आवासों का लोकार्पण कर हजारों परिवारों का गृह–सपना साकार हुआ।

आधारभूत संरचना को नई गति

क्षतिग्रस्त सड़कों के सुदृढ़ीकरण पर ₹50 लाख व्यय किए गए। ₹1250 लाख की लागत से निर्माणाधीन 600 सीट क्षमता वाले आधुनिक टाउन हॉल का 70: कार्य पूर्ण हो चुका है। ₹453.52 लाख की लागत से बालकृष्ण स्टेडियम का आधुनिकीकरण प्रगति पर है।

सुशासन, स्वच्छता और हरित भविष्य

राजसमंद शहर को स्वच्छ भारत मिशन के तहत ODF++ प्रमाणन प्राप्त हुआ। इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना से 21,000 पौधों का रोपण कर सघन हरित क्षेत्र विकसित किया गया। ₹813.60 लाख की लागत से डोर–टू–डोर वैज्ञानिक कचरा संग्रहण व्यवस्था लागू की गई।

राजसमंद विधानसभा: विकास, सुशासन और जनकल्याण के दो ऐतिहासिक वर्ष

- सड़कों पर ₹966.48 लाख तथा शहरी पेयजल सुधार पर ₹22 करोड़ की ऐतिहासिक निवेश श्रृंखला।
- किसानों को ₹53 लाख का फसल बीमा लाभ, 8.44 लाख भोजन थालियों का वितरण।
- 5600 से अधिक परिवारों को विद्युत कनेक्शन, 519 आवास लाभार्थियों को आर्थिक सहायता।
- डायबिटिक क्लीनिक एवं आर.के. जिला अस्पताल में क्रिटिकल केयर ब्लॉक से स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती।

राजसमंद–जहाँ विकास दिखता भी है, अनुभव भी होता है।

- ₹8 में पौष्टिक भोजन। 4.29 लाख लाभार्थी – जनकल्याण की मिसाल
- 494 पक्के आवास पूर्ण। 1072 जन आवास लोकार्पित – सपनों को साकार करता शासन
- सुदृढ़ सड़कें, आधुनिक टाउन हॉल, स्टेडियम विकास, मजबूत आधारभूत संरचना
- ODF++ राजसमंद : 21,000 पौधे : डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण – स्वच्छ और हरित भविष्य

सुशासन, विकास और सामाजिक सुरक्षा भाजपा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार सुशासन, सर्वांगीण विकास और सामाजिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ प्रभावी रूप से लागू कर रही है। गुणवत्तापूर्ण सड़कें ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ ही आमजन के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन लाती हैं। उन्होंने संपर्क विहीन सड़क योजना के अंतर्गत खंडेल से छुर बस्ती तक ढाई किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया, जिस पर लगभग 1.50 करोड़ रुपये की लागत आएगी और क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी। इसी क्रम में अटल पथ योजना के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से पावर हाउस, मोही तक 1.2 किलोमीटर लंबी सड़क का शिलान्यास किया गया। 1.09 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस मार्ग पर दो पुलियों का निर्माण भी होगा, जिससे वर्षा ऋतु में भी सुरक्षित और सुगम यातायात सुनिश्चित होगा। खंडेल में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष छितरमल जाट, महामंत्री अंबालाल गाडरी, एसटी मोर्चा के बालूराम भील, शान्तिलाल सुथार सोनियाणा, रमेश जाट लापस्या, उदयराम गाडरी खंडेल, रतनलाल गाडरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। मोही में आयोजित कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सोहनी देवी गुर्जर, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिग्विजय सिंह भाटी, प्रशासक सरपंच रतनलाल भील, महामंत्री लालूराम पुरबिया, पूर्व सरपंच मांगीलाल कुमावत (एमड़ी), प्रधान अरविंद सिंह राठौड़, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता हीरालाल सालवी, बृजेश कुमार जाखड़ सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

पंडित शिवरतन खंडेलवाल ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पट्टी का शिलान्यास कराया। इस अवसर पर रमेशचंद्र, शंकरलाल खटीक, किशनलाल धोबी, गोपाल टांक, रामलाल, हीरालाल, मांगीलाल कुमावत, जगदीशचंद्र, रूपलाल, फतेहसिंह, कन्हैयालाल सोनी, घनश्यामलाल, कन्हैयालाल माली, रतनलाल खटीक, भंवरलाल तेली, लालूराम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

श्रीनाथजी के दर्शन कर की मंगलकामना

नाथद्वारा में महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का भव्य स्वागत

नाथद्वारा। उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल माननीया श्रीमती आनंदीबेन पटेल के नाथद्वारा आगमन पर राजसमंद विधायक श्रीमती दीप्ति किरण माहेश्वरी ने भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर राज्यपाल महोदया को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। श्रीनाथजी मंदिर मंडल की ओर से राज्यपाल महोदया का पारंपरिक विधि–विधान से स्वागत–सम्मान किया गया। तत्पश्चात महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने प्रभु श्रीनाथजी की दिव्य राजभोग झांकी के दर्शन कर देश व प्रदेश की सुख–समृद्धि, शांति और खुशहाली की मंगलकामना की। इस अवसर पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों का परिचय राज्यपाल महोदया से करवाया तथा मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार द्वारा विकास, सामाजिक कल्याण एवं सुशासन के क्षेत्र में विगत दो वर्षों में किए गए कार्यों की जानकारी दी। संवाद के दौरान राज्यपाल महोदया ने बालिका शिक्षा, आंगनबाड़ी व्यवस्था एवं बाल सुधार गृहों में किए गए नवाचारों का उल्लेख करते हुए सामाजिक सहभागिता को सशक्त समाज निर्माण का आधार बताया।

तत्पश्चात विधायक दीप्ति के उदयपुर आवास पर राज्यपाल महोदया का अभिनंदन किया गया, जहां उन्होंने अपने प्रशासनिक अनुभव साझा कर मार्गदर्शन प्रदान किया।

दो वर्ष का शासन विकास और जन विश्वास को समर्पित

सुशासन, तीव्र प्रगति और सुरक्षा की राह पर अग्रसर राजस्थान

– दीप्ति किरण माहेश्वरी

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान आज सुशासन, तीव्र प्रगति और सुरक्षा के नये अध्याय लिख रहा है। राज्य की जनता ने दो वर्ष पूर्व जिस विश्वास के साथ भारतीय जनता पार्टी को जनादेश दिया था, सरकार ने उसे पूर्ण समर्पण, पारदर्शिता और विकास के ठोस कार्यों से सार्थक सिद्ध किया है। इन दो वर्षों में प्रदेश की दिशा और दशा दोनों में वही परिवर्तन दिखाई देता है, जिसकी परिकल्पना एक सक्षम, उत्तरदायी और जनकल्याणकारी सरकार से की जाती है। सरकार ने अपने संकल्प पत्र के 392 वादों में से 70 प्रतिशत संकल्प पूर्ण कर दिए हैं अथवा उन पर तीव्र गति से कार्य चल रहा है, जबकि दो वित्तीय वर्षों की 73 प्रतिशत बजट घोषणाएँ भी मूर्त रूप ले चुकी हैं। यह उपलब्धियाँ मात्र आंकड़े नहीं, बल्कि जनता के प्रति सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता और कार्यकुशलता का प्रमाण हैं, जिनके बल पर राजस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर 'बेस्ट परफॉर्मर स्टेट' की श्रेणी प्राप्त हुई है। सुशासन की स्थापना इस सरकार की प्राथमिकता रही है। शासन को व्यक्तिकेंद्रित से आगे बढ़ाकर नीति–केंद्रित एवं संस्थागत रूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उद्योग, पर्यटन, एमएसएमई, खनिज और लॉजिस्टिक्स जैसे प्रमुख क्षेत्रों में 28 नई नीतियाँ लागू की गईं, जिनसे प्रदेश की प्रशासनिक कार्यक्षमता और निवेश क्षमता दोनों में वृद्धि हुई है। पूर्ववर्ती सरकार के समय जल जीवन मिशन में फैली अनियमितताओं व भ्रष्टाचार पर इस सरकार ने निर्णायक प्रहार करते हुए दोषियों को जेल भेजा और यह स्पष्ट संदेश दिया कि प्रदेश में भ्रष्टाचार के लिए कोई स्थान नहीं। पारदर्शिता के इसी संकल्प का परिणाम है कि 'राज किसान साथी चरण' को डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन की श्रेणी में राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राजस्थान ने पिछले दो वर्षों में निवेश, उद्यमिता और आर्थिक विकास के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित की है। 'राइजिंग राजस्थान' के सफल आयोजन के बाद 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू साइन हुए और एक वर्ष के भीतर 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रोजेक्ट्स की ग्राउंड ब्रेकिंग पूरी की गई। इससे निजी क्षेत्र में ढाई लाख से अधिक रोजगार सृजित हुए, जिससे युवा शक्ति को एक नई दिशा मिली है। डीपीआईआईटी की LEADS रिपोर्ट 2024 में राजस्थान का 'बेस्ट परफॉर्मर स्टेट' के रूप में चयन तथा खनिज ब्लॉकों की नीलामी में प्रथम स्थान सरकार की प्रभावी नीतियों और सुशासन की श्रेष्ठता का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। आधारभूत संरचना निर्माण में भी राजस्थान ने उल्लेखनीय प्रगति की है। लंबे समय से लंबित ईआरसीपी को केंद्रित करते हुए सरकार ने इसे राम जल सेतु परियोजना के रूप में गति दी है। मध्य प्रदेश व केंद्र सरकार के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर और 26 हजार करोड़ रुपये के कार्यादेश, इस परियोजना की गंभीरता को दर्शाते हैं। इससे पूर्वी राजस्थान के 17 जिलों में सिंचाई की सुविधा बढ़ेगी और लगभग 3 करोड़ लोगों को पेयजल उपलब्ध होगा। जल जीवन मिशन के अंतर्गत दो वर्षों में 13 लाख 59 हजार ग्रामीण परिवारों को नल से जल प्राप्त हुआ, जबकि 'कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान' के माध्यम से 14 हजार से अधिक जल संरक्षण संरचनाएँ निर्मित की गईं। ऊर्जा के क्षेत्र में राजस्थान ने आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाए हैं। मात्र दो वर्षों में 6,363 मेगावाट ऊर्जा उत्पादन क्षमता बढ़ाई गई है, जबकि पूर्व की पूरी कांग्रेस सरकार ने पाँच वर्षों में इससे भी कम वृद्धि की थी। सड़क निर्माण में भी राज्य सरकार ने इतिहास रचते हुए 39,891 किलोमीटर सड़कों का निर्माण एवं उन्नयन किया है, जिस पर 27,238 करोड़ रुपये व्यय हुए। 9 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे की दिशा में कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है, जबकि 10 हजार से अधिक आबादी वाले गांवों में 'अटल प्रगति पथ' का निर्माण ग्रामीण संपर्क को नई मजबूती प्रदान कर रहा है। समाज के वंचित, जरूरतमंद और कमजोर वर्गों को सशक्त करना इस सरकार की प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों और बीपीएल परिवारों को मात्र 450 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराना, सामाजिक पेंशन को बढ़ाकर 1,250 रुपये प्रतिमाह कर देना, तथा मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में 35 लाख से अधिक लाभार्थियों को 6,860 करोड़ रुपये की कैशलैस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना इन सभी ने सामाजिक सुरक्षा को वास्तविक स्वरूप दिया है। शिक्षा की दृष्टि से 71 नए महाविद्यालय और 7 नए मेडिकल कॉलेज स्थापित कर उच्च शिक्षा एवं स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व विस्तार किया गया है। युवाओं, किसानों और महिलाओं की प्रगति, प्रदेश की प्रगति का आधार है। पेपर लीक जैसी समस्याओं से युवाओं को राहत देते हुए सरकार ने एसआईटी का गठन किया और पारदर्शी तरीके से 296 भर्तियाँ कर 90 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार प्रदान किया। किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में 3 हजार रुपये जोड़कर इसे 9 हजार रुपये वार्षिक किया गया, जिससे 76 लाख किसानों को सीधा लाभ मिला। 22 जिलों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराना, पशुपालकों के लिए 1,962 मोबाइल वेटेरिनरी सेवाएँ शुरू करना तथा गौशालाओं के अनुदान में 25 प्रतिशत की वृद्धि करना किसानों और पशुपालकों के हित में उठाए गए ऐतिहासिक कदम हैं। 'लखपति दीदी' अभियान के माध्यम से 12 लाख से अधिक महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और 'लाडो प्रोत्साहन योजना' द्वारा बालिकाओं के भविष्य को सुरक्षित करना समाज में सकारात्मक परिवर्तन की आधारशिला है। कानून–व्यवस्था के क्षेत्र में राज्य सरकार ने सख्त और निर्णायक रुख अपनाया है। पिछले दो वर्षों में अपराधों में 12 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई है, जबकि हत्या, डकैती, लूट और साइबर अपराध में उल्लेखनीय गिरावट आई है। मेवात क्षेत्र में चलाए गए 'ऑपरेशन एंटी वायरस' के परिणामस्वरूप साइबर अपराधों में 35 प्रतिशत की कमी हुई है। धर्मांतरण विरोधी कानून लागू कर राज्य सरकार ने सामाजिक सद्भाव और नागरिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संदेश दिया है। इन दो वर्षों में राज्य सरकार ने यह सिद्ध किया है कि जनता की आकांक्षाएँ और सरकार की नीयत जब एक दिशा में हों तो परिवर्तन की गति दोगुनी हो जाती है। चाहे सिंचाई सुविधाएँ हों, सड़क निर्माण, ऊर्जा उत्पादन, शिक्षा स्वास्थ्य का विस्तार या सामाजिक सुरक्षा प्रदेश की प्रगति हर क्षेत्र में स्पष्ट दिखाई देती है। यह तो मात्र शुरुआत है; आगामी वर्षों में सरकार ने सभी संकल्पों को पूर्ण कर राजस्थान को सुशासन, तीव्र विकास और सुरक्षा की दिशा में सबसे अग्रणी राज्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह नया राजस्थान आत्मनिर्भरता, संकल्प शक्ति और सामूहिक प्रयासों का वह उदाहरण बन रहा है, जो आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करेगा।

राजस्थान की भाजपा सरकार के स्वर्णिम एवं ऐतिहासिक दो वर्ष

विकास, सुशासन और सामाजिक सुरक्षा का संदेश लेकर निकले विकास रथ



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान की भाजपा सरकार ने सुशासन, विकास और सामाजिक सुरक्षा का सशक्त व भरोसेमंद वातावरण स्थापित किया है। राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उन्होंने बडारड़ा में विकास रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने बताया कि ये विकास रथ सरकार की विगत दो वर्षों की प्रमुख उपलब्धियों, फ्लैगशिप योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का ऑडियो–वीडियो माध्यम से व्यापक प्रचार करेंगे। सरकार का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, जिसके तहत किसानों, महिलाओं, युवाओं और श्रमिकों के सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास रथ केवल जानकारी का माध्यम नहीं, बल्कि जनता और सरकार के बीच संवाद का सशक्त सेतु हैं। सुझाव पेटिका के माध्यम से आमजन के विचार एकत्र कर उन्हें आगामी बजट में सम्मिलित करने का प्रयास किया जाएगा।

इस अवसर पर उपखंड अधिकारी राजसमंद श्री बृजेश गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती सुमन अजमेरा, विकास अधिकारी श्री भवानी शंकर, मंडल अध्यक्ष श्री गोपाल श्रीमाली, श्री चंद्रेश कुमावत, श्री प्रहलाद कुमावत सहित पार्टी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

गिलुंड में प्रतिमा का भव्य अनावरण

महाराणा प्रताप का स्मरण शौर्य, वीरता एवं राष्ट्र गौरव का संकल्प

गिलुंड कस्बे के प्रताप चौराहे पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा के अनावरण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि महाराणा प्रताप का स्मरण मातृभूमि की रक्षा हेतु सर्वोच्च बलिदान की प्रेरणा देता है। वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के गौरवपूर्ण अवसर पर प्रतिमा का अनावरण राष्ट्रगौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का मानसिक दासता से मुक्ति का आह्वान महाराणा प्रताप के जीवन से साकार होता है। प्रताप का स्वाभिमान, पराक्रम और मातृभूमि के प्रति समर्पण भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार महाराणा प्रताप को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर विशिष्ट पहचान दिलाने के लिए 'प्रताप सर्किट' के विकास हेतु प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है, जिससे पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। समारोह महंत श्री ज्ञानानंद जी महाराज, महंत अनुज दास जी महाराज एवं आरएसएस के क्षेत्रीय प्रचारक श्री निंबाराम जी के सान्निध्य में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि नाथद्वारा विधायक श्री विश्वराज सिंह मेवाड़ रहे। अध्यक्षता सरपंच श्रीमती ललिता देवी खेरोदिया ने की। बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं युवाओं ने सहभागिता की।

राजसमंद के आकाश पर उगता विकास का सूर्य

अनिल चतुर्वेदी
संपादक

राजसमंद की धरती साक्षी है कि जब नेतृत्व में दृष्टि हो, नीतियों में संवेदना हो और प्रशासन में संकल्प हो, तब विकास केवल आँकड़ों की सूची नहीं रह जाता – भरोसे का रूप लिया और विकास ने हर गली, हर घर और हर चेहरे को छुआ है। विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी के मार्गदर्शन में राजसमंद आज प्रगति की उस यात्रा पर है, जो स्थायित्व, समावेशन और मानवीय मूल्यों से आलोकित है।

जहाँ करुणा नीति बनती है जनकल्याण की पहली शर्त है–संवेदना। श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना ने इस संवेदना को साकार रूप दिया। मात्र ₹8 में उपलब्ध पौष्टिक भोजन केवल भूख नहीं मिटाता, बल्कि सम्मान भी लौटाता है। अब तक 4.29 लाख से अधिक लोगों तक पहुँची यह योजना उन चेहरों पर मुस्कान लेकर आई है, जिनके लिए दो वक्त की रोटी भी कभी चिंता का विषय थी। यह योजना बताती है कि शासन तब सफल होता है, जब वह अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुँचे। इसी प्रकार, आवास केवल ईंट–पत्थर नहीं होता, वह सुरक्षा और स्वाभिमान की नींव होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 494 पक्के घरों का निर्माण और मुख्यमंत्री जन आवास योजना के 1072 आवासों का लोकार्पण उन सपनों को आकार देता है, जो वर्षों से खुले आकाश तले पल रहे थे। 519 परिवारों को मिली आर्थिक सहायता ने उन्हें न केवल छत दी, बल्कि भविष्य पर विश्वास भी दिया।

विकास की वह राह, जो दूर तक जाती है राजसमंद की सड़कों पर अब केवल वाहन नहीं चलत विकास चलता है। जर्जर मार्गों का सुदृढ़ीकरण और करोड़ों रुपये की लागत से हुए सड़क विकास कार्यों ने गांवों, कस्बों और शहर को एक नई गति दी है। इन सड़कों ने न केवल दूरी कम की, बल्कि अवसरों को भी पास ले आई हैं। शहर के हृदय में आकार लेता 600 सीट क्षमता वाला आधुनिक टाउन हॉल आने वाले समय में विचार, संस्कृति और संवाद का केंद्र बनेगा। वहीं, बालकृष्ण स्टेडियम का आधुनिकीकरण युवा प्रतिभाओं को पंख देने की तैयारी है। खेल, संस्कृति और समाज तीनों को समान रूप से सशक्त करने का यह प्रयास राजसमंद के भविष्य को दिशा देता है।

स्वच्छता और हरियाली : भविष्य के प्रति उत्तरदायित्व : स्वच्छता जब आदत बन जाती है, तब शहर पहचान पाता है। ODF++ प्रमाणन राजसमंद की उस सामूहिक चेतना का प्रमाण है, जहाँ नागरिक और प्रशासन एक लक्ष्य पर साथ खड़े हैं। स्वच्छता केवल वर्तमान की सुविधा नहीं, भविष्य की विरासत है। हरियाली के बिना विकास अधूरा है। इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत लगाए गए 21,000 पौधे आने वाले वर्षों में न केवल छाया देंगे, बल्कि स्वच्छ हवा और संतुलित पर्यावरण का भरोसा भी देंगे। वहीं, ₹813.60 लाख की लागत से लागू डोर–टू–डोर वैज्ञानिक कचरा संग्रहण प्रणाली शहर को आधुनिक, स्वस्थ और अनुशासित नगरी की ओर ले जाती है।

किसान, श्रमिक और आमजन–विकास के केंद्र में राजसमंद का विकास तभी सार्थक है, जब किसान सुरक्षित हो, श्रमिक सम्मानित हो और आमजन सशक्त हो। फसल बीमा योजना के तहत वितरित ₹53 लाख की सहायता ने संकट की घड़ी में किसानों का हाथ थामा। रोजगार गारंटी योजनाओं ने श्रमिकों को काम और आत्मसम्मान दोनों दिए। 5600 से अधिक घरों में पहुँची बिजली केवल रोशनी नहीं लाई, उसने सपनों को भी उजाला दिया।

स्वास्थ्य : विश्वास का सबसे मजबूत स्तंभ जब जीवन संकट में हो, तब भरोसेमंद स्वास्थ्य व्यवस्था सबसे बड़ी आवश्यकता होती है। जिला चिकित्सालय में स्थापित डायबिटिक क्लीनिक और आर. के. जिला अस्पताल में क्रिटिकल केयर ब्लॉक ने राजसमंद को चिकित्सा के क्षेत्र में नई मजबूती दी है। अब गंभीर उपचार के लिए दूर जाना मजबूरी नहीं रहा।

अंत में राजसमंद आज जिस राह पर अग्रसर है, वह केवल विकास की नहीं विश्वास की राह है। विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी के नेतृत्व में यह क्षेत्र बताता है कि सुशासन का अर्थ आदेश नहीं, संवाद है; और विकास का अर्थ केवल निर्माण नहीं, परिवर्तन है। यही परिवर्तन है अक्षय किरण जो आज राजसमंद को आलोकित कर रही है और आने वाले कल को उज्ज्वल बना रही है।

स्वच्छता जागरूकता अभियान राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि स्वच्छता जागरूकता एवं श्रमदान अभियान केवल सफाई का कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के प्रति कर्तव्यबोध जागरण का प्रभावी माध्यम है। स्वच्छता हमारी कार्यसंस्कृति का अभिन्न अंग है और सशक्त राष्ट्र निर्माण के संकल्प का प्रतीक भी है। विधायक दीप्ति माहेश्वरी स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) जिला परिषद राजसमंद द्वारा ग्राम पंचायत मोही में आयोजित जिला स्तरीय "स्वच्छता जागरूकता एवं श्रमदान कार्यक्रम" को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर उन्होंने सार्वजनिक स्थल पर स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता के प्रति जन–जागरूकता का संदेश दिया तथा आमजन से इसे दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने विगत दो वर्षों में सुशासन, स्वच्छता और जनभागीदारी को राजस्थान की सशक्त पहचान बनाया है। सरकार का उद्देश्य है कि प्रत्येक गांव और परिवार स्वच्छता अभियान से जुड़कर स्वस्थ एवं स्वाभिमानी समाज के निर्माण में सहभागी बने। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर श्री अरुण कुमार हसीजा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री बृजमोहन बैरवा, उपखंड अधिकारी श्री बृजेश गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती सुमन अजमेरा, पूर्व सरपंच श्री दिग्विजय सिंह भाटी, विकास अधिकारी श्री भवानी शंकर, श्री कन्हैयालाल सोनी, श्री रतन खटीक, श्री बाबूलाल कीर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।

दीप्ति की मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान हुई विकास कार्यों पर चर्चा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दो वर्ष के ऐतिहासिक एवं सफल कार्यकाल पर दी बधाई

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने विकसित राजस्थान के शिल्पकार एवं यशस्वी मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट कर राज्य सरकार के दो वर्ष के ऐतिहासिक, जनकल्याणकारी और विकासोन्मुख कार्यकाल के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के दूरदर्शी नेतृत्व में राजस्थान ने सुशासन, पारदर्शिता, प्रशासनिक सुधार और तेज़ विकास की नई दिशा प्राप्त की है। भेंट के दौरान विधायक माहेश्वरी को मुख्यमंत्री जी का स्नेहिल मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। इस अवसर पर राजसमंद विधानसभा क्षेत्र से जुड़े सड़क निर्माण, जल संसाधन प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, शिक्षा सुधार तथा नगरपालिका एवं पंचायत स्तरीय विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, लाभार्थियों तक समयबद्ध लाभ पहुँचाने तथा क्षेत्र की भावी आवश्यकताओं पर भी विचार–विमर्श किया गया। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की कार्यशैली सेवा भाव और परिणाम आधारित प्रशासन पर केंद्रित है, जिससे राजसमंद विधानसभा क्षेत्र निरंतर प्रगति कर रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में संरचनात्मक विकास, रोजगार सृजन, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण सुविधाओं के विस्तार को और गति मिलेगी। इस अवसर पर भीम विधायक श्री हरि सिंह रावत भी उपस्थित रहे।

भाजपा सरकार संकल्प पत्र के वादों के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान की भाजपा सरकार जनादेश को सर्वोपरि मानते हुए संकल्प पत्र की घोषणाओं को पूरी प्रतिबद्धता और गंभीरता से लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को सार्थक प्रयासों के माध्यम से प्रदेश में विकास के नवीन आयाम स्थापित हुए है दो वर्षों के अल्प कार्यकाल में सरकार ने अपने वादों एवं इरादों को जन विश्वास के अनुकूल पूर्ण किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित विधायकों की बैठक में भाग लिया, जिसमें प्रदेश के समग्र विकास तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सरकार की विगत दो वर्षों की उपलब्धियों को जन–जन तक पहुँचाने की रणनीति पर भी विचार–विमर्श किया गया। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि सभी भाजपा विधायक प्रदेश को देश का अग्रणी और आदर्श राज्य बनाने के संकल्प के साथ समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने जयपुर सचिवालय में उपमुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी से शिष्टाचार भेंट कर विधानसभा क्षेत्र से जुड़े विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की। इस अवसर पर राज्य मंत्री श्रीमती मंजू बागमार सहित अन्य विधायक भी उपस्थित रहे।

आचार्य महाश्रमण जी के मंगल आगमन से राजसमंद में आध्यात्मिक आलोक

तेरापंथ धर्मसंघ के एकादश अनुशास्ता, परम पूज्य आचार्य श्री महाश्रमण जी के राजसमंद की पावन धरती पर मंगल आगमन के अवसर पर नगर क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण रहा।

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने समाजजनों, गणमान्य नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं के साथ आचार्यश्री का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि साधना, सेवा और सदाचार के पथप्रदर्शक आचार्यश्री का आगमन अपने आप में एक महान आध्यात्मिक पर्व है। उनके वचनों की सरलता, तेजस्विता और आध्यात्मिक गहराई मानव जीवन को संयम, करुणा और आत्मचिंतन की दिशा प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि आचार्यश्री की उपस्थिति से समाज में शांति, सद्भाव, नैतिकता और मानवीय मूल्यों का विस्तार होता है।

इस अवसर पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने प्रज्ञा विहार में विराजमान आचार्यश्री के दर्शन कर उनका पावन आशीर्वाद प्राप्त किया और इसे आत्मिक उन्नति का सौभाग्य बताया।

दीप्ति ने किए द्वारकाधीश के दर्शन

मोदी नेतृत्व में भारत सांस्कृतिक पुनर्जागरण के स्वर्णिम युग में प्रवेश कर रहा है

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सांस्कृतिक पुनर्जागरण के नए युग की ओर अग्रसर है। भारतीय सभ्यता के गौरव केंद्रों की पुनर्प्रतिष्ठा, योग एवं आयुर्वेद को वैश्विक पहचान और आध्यात्मिक धरोहरों के संरक्षण व नवोन्मेष से भारत की सांस्कृतिक चेतना सशक्त हो रही है। द्वारकाधीश मंदिर में दर्शन उपरांत कार्यकर्ताओं और नागरिकों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम का पुनरुद्धार तथा उज्जैन महाकाल महालोक का विस्तार भारत के सांस्कृतिक स्वाभिमान और नई राष्ट्रीय चेतना के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि "विकास भी, विरासत भी" के मंत्र के साथ मोदी सरकार ने आधुनिक प्रगति के साथ सांस्कृतिक जड़ों को नई ऊर्जा दी है, जिससे देश मानसिक दासता से मुक्ति की दिशा में आगे बढ़ा है। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 2035 तक शिक्षा व्यवस्था के भारतीयकरण का रोडमैप विकसित भारत के लक्ष्य की ओर निर्णायक कदम है। सांस्कृतिक आत्मविश्वास, वैचारिक स्वतंत्रता और अपनी जड़ों से जुड़ाव ही विकसित भारत की आधारशिला हैं।

PMCH HEALTH ADVISORS

पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, बेदला

NABH H-2024-1409

पेसिफिक सेन्टर ऑफ कार्डियक साईन्सेस

आपकी धड़कन हमारी जिम्मेदारी...

निःशुल्क कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर

परामर्श, जाँच एवं चिकित्सा शिविर

दिसम्बर 21 2025 से जनवरी 14 2026

समय: प्रात 9.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक

अब सर्जरी की शुरुआत...

डॉ. जे.सी.शर्मा
MD,FNIS
(Interventional Cardiology)
इन्टरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट

- 35+ years of experience in Interventional Cardiology at PMCH, Udaipur and BM Birla Heart Centre, Kolkata Expert in
- Coronary angiography
- Angioplasty & stent procedures
- Heart attack management

डॉ. हरीश सनाढ्य
MD,FSCAI,AFESC
(Interventional Cardiology)
इन्टरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट

- 17+ years of Experience in clinical cardiology
- Serving with leading multi-specialty hospitals in Udaipur
- Advanced expertise in heart disease diagnosis, treatment, preventive & interventional cardiology

डॉ. सी.पी. पुरोहित
MD, DM
(Cardiology)
इन्टरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट

- 15+ years of Experience in Cardiology
- Interventional Cardiologist, Baroda Heart Institute
- Performed over 8000 cardiac catheterizations, including coronary angiography

डॉ. शशिकांत वाघेला
MS (Surgery),
M.Ch. (CTVS), FRCS
कार्डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जन

- 20+ years of Experience in cardiothoracic surgery
- Ex-HOD, AIIMS Rishikesh
- Specialized in high-risk cardiac procedures & minimally invasive cardiac surgery (MICS)

डॉ. अनुज मेहता
DrNB (CTVS)
कार्डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जन

- 11+ years of experience in Cardiothoracic and vascular surgery
- Ex. Faculty U.N. Mehta Institute of cardiology and research centre, Ahmedabad, GCRI Ahmedabad
- Worked with premier centers at Coimbatore & Namakkal
- International training in Uniportal VATS (Shanghai)
- Non-Intubated VATS & Chest Wall Surgery (Guangzhou)

डॉ. समीर गोयल
MD, PDCC
(Cardiac Anaesthesia)
कार्डियक एनेस्थिसियॉलॉजिस्ट

- 15+ years of experience in the Field of Cardiac Anaesthesia
- AIIMS, New Delhi
- IMS, BHU, Varanasi
- Medanta – The Medicity, Gurgaon

निःशुल्क परामर्श | निःशुल्क रक्त एवं मूत्र की जाँच | निःशुल्क इकोकार्डियोग्राफी, ECG, X-Ray | निःशुल्क एंजियोग्राफी | एंजियोप्लास्टी एवं सी.टी. गाइडेड एंजियोग्राफी रियायती दरों पर | निःशुल्क वार्ड में भर्ती

अंबेरी पुलिया से पेसिफिक हॉस्पिटल बेदला के लिए आने एवं जाने के लिए मरीजों को निःशुल्क वाहन की सुविधा

योजनाओं एवं सभी इंश्योरेंस एवं TPA के कैशलेस ईलाज के लिए अधिकृत हॉस्पिटल

24/7 सुविधाएँ उपलब्ध

भीलों का बेदला, एन.एच.-27, प्रताप पुरा, अम्बेरी, उदयपुर - 313011 (राजस्थान) | फोन : 8690541110

स्वर्गीय किरण माहेश्वरी की पंचम पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि

विधायक जन संवाद केंद्र पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने भाजपा की पूर्व राष्ट्रीय महासचिव एवं राजस्थान की पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री स्वर्गीय श्रीमती किरण माहेश्वरी की पंचम पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में बेंगू विधायक श्री सुरेश धाकड़ ने स्वर्गीय किरण माहेश्वरी को संवेदनशील जननेता और कुशल प्रशासक बताते हुए उनके साथ जुड़े संस्मरण साझा किए।

उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने भी उनके योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें अपूरणीय क्षति बताया। विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि स्वर्गीय किरण जी का संपूर्ण जीवन सेवा, सादगी, समर्पण और राष्ट्रहित के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा। उन्होंने जनसेवा, पारदर्शिता और विकास को राजनीति का मूल आधार बनाया। भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में महिलाओं को संगठन में एक–तिहाई प्रतिनिधित्व देने का निर्णय उनके दूरदर्शी नेतृत्व और महिला सशक्तिकरण के प्रति समर्पण का सशक्त उदाहरण है।

श्रद्धांजलि सभा में बेंगू विधायक सुरेश धाकड़, प्रधान अरविन्द सिंह राठौड़, पूर्व विधायक बंशीलाल खटीक, पूर्व प्रधान भानु पालीवाल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश काबरा, जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष मानसिंह बारहठ, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सुरेश पालीवाल, जिला महामंत्री महेन्द्र सिंह चौहान, जिला मंत्री खुशकमल कुमावत, कोषाध्यक्ष मनोज पारीक, मण्डल अध्यक्ष गोपाल श्रीमाली, दिनेश कुमावत, पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी, सुभाष पालीवाल, कालुसिंह राठौड़, उप प्रधान सुरेश कुमावत, युवा मोर्चा अध्यक्ष मोहन कुमावत, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष जवाहर जाट, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष असलम खान पठान, सरपंच अनिल जाट, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सविता शर्मा, मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष मधुसूदन व्यास सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सरपंच, पंचायत समिति एवं जिला परिषद सदस्य, पार्षद, विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि एवं नागरिक गण उपस्थित रहे।

श्रद्धांजलि और सेवा के साथ मनाई गई किरण माहेश्वरी जयंती

पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा राष्ट्रीय महासचिव स्व.किरण माहेश्वरी की जन्म जयन्ती "किरण स्मृति दिवस" के अवसर पर नगर क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें किरण माहेश्वरी द्वारा मेवाड़ में किए गए कार्यों को स्मरण करते हुए क्षेत्र वासियों ने उनका जन्म दिवस मनाया। मेवाड़ का कुशल नेतृत्व करने वाली लोकप्रिय एवं जन–जन की लाड़ली स्व. किरण माहेश्वरी को स्मरण करते हुए क्षेत्र वासियों ने कहा कि किरण माहेश्वरी ने राजनैतिक क्षितिज की नई किरण रखते हुए मेवाड़ की राजनीति में नवीन आयाम स्थापित किए। किरण माहेश्वरी द्वारा राजसमंद विधानसभा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों एवं उनके क्षेत्र में सक्रियता को जनता आज भी स्मरण कर रही है ।

इस अवसर पर किरण माहेश्वरी स्मृति मंच द्वारा श्री द्वारकेश गौशाला, (आसोटिया) कांकरोली में गौ माता को घी–गुड़ व दलिया खिलाकर गौ सेवा एवं गौ सेवक सेवादारों का सम्मान किया गया। कांकरोली स्थित कमला नेहरू हॉस्पिटल में नवजात शिशुओं को बेबी किट वितरण किए गए। साथ ही विधायक जन सुनवाई केंद्र पर हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें क्षेत्र से आए हुए कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय किरण माहेश्वरी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।

इस अवसर पर परिवार जन, विधानसभा क्षेत्र के ज़िला पदाधिकारी, मण्डल पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक, मातृशक्ति एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्व. किरण माहेश्वरी की जयंती पर गौ सेवा अनुष्ठान आयोजित

राजस्थान की पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री एवं भाजपा की पूर्व राष्ट्रीय महासचिव स्वर्गीय श्रीमती किरण माहेश्वरी की जयंती के अवसर पर किरण माहेश्वरी स्मृति मंच द्वारा महाकालेश्वर गौशाला, उदयपुर में गौ सेवा अनुष्ठान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंच पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। मंच के महासचिव गोविंद दीक्षित ने स्व. किरण माहेश्वरी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका नेतृत्व मानवीय संवेदनाओं से ओतप्रोत था। वे संगठन को परिवार मानते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता के सुख–दुख में सहभागी रहती थीं। उनके आदर्श, संस्कार और जनसेवा की भावना आज भी समाज को प्रेरित कर रही है। उदयपुर जिला अध्यक्ष मनोज लोढ़ा ने कहा कि स्व. किरण माहेश्वरी ने उदयपुर के विकास और महिला सशक्तिकरण में उल्लेखनीय योगदान दिया। महिला समृद्धि बैंक की स्थापना उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण का प्रतीक है। संभाग मीडिया प्रभारी अनिल चतुर्वेदी ने उनके लोकजीवन और सेवा भाव पर विचार व्यक्त किए। डॉ. सत्यनारायण माहेश्वरी ने उनके जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग साझा किए। कार्यक्रम में गौ सेवा, भजन संकीर्तन एवं श्रद्धांजलि अर्पण के माध्यम से उनकी स्मृति को नमन किया गया। यह अनुष्ठान सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना को सशक्त करने की प्रेरणा बना। अनुष्ठान आयोजन में ललित सेन, चेतन लुणदिया, नरेन्द्र पोरवाल, अनिता दरक, उर्मिला भण्डारी, महेंद्र सिंह शेखावत, प्रकाश अग्रवाल दामोदर खटोड़, प्रदीप श्रीमाली, यशवंत पालीवाल, कमल कुमावत सहित बड़ी संख्या में संभ्रांत नागरिकगण एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

'भारतीय गणतंत्र : एक सुनहरी यात्रा'

प्रदर्शनी युवाओं में देशभक्ति जगाने का सराहनीय प्रयास

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने "भारतीय गणतंत्रः एक सुनहरी यात्रा" मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए इसे युवाओं, विद्यार्थियों और नागरिकों में देशभक्ति, संवैधानिक मूल्यों एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करने वाला प्रेरक प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में भारत की लोकतांत्रिक यात्रा और विकास गाथा को प्रभावशाली व गौरवपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया है। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था, मौलिक अधिकारों की रक्षा और नीति–निदेशक सिद्धांतों के माध्यम से वंचित वर्गों के सशक्तिकरण ने भारत को विश्व में एक आदर्श लोकतंत्र के रूप में स्थापित किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संविधान दिवस के राष्ट्रीय स्तर पर आयोजन से संविधान के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ी है। इस अवसर पर उन्होंने 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयी फुटबॉल प्रतियोगिता (अंडर–14) में राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर रही टीम के खिलाड़ियों से भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा प्रशिक्षकों से संवाद किया। साथ ही प्रदर्शनी के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

⚠ सावधान

GMCH
GEETANJALI HOSPITAL
HEALTH IS HAPPINESS

इस सर्दी अपने दिल को रखें सुरक्षित

यदि इन में से कोई लक्षण दिखे — तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें

- अनियमित ब्लड प्रेशर या धड़कन
- श्वास फूलना (साँस लेने में कठिनाई)
- छाती में भारीपन या दबाव का अनुभव
- छाती, बाजू या जबड़े में दर्द
- पेट या छाती के हिस्से में जलन/असमान्य तकलीफ
- अत्यधिक बेचैनी या चक्कर आना
- ठंडे पसीने आना

हार्ट अटैक से बचे

गीतांजली हार्ट सेंटर

हृदय रोग विशेषज्ञ

डॉ. रमेश पटेल | डॉ. दिलीप जैन
डॉ. रोहिन के. सैनी | डॉ. गौरव कुमार मित्तल

हृदय एवं वैस्कुलर सर्जन

डॉ. संजय गाँधी | डॉ. शोभित माथुर
डॉ. सुनील सागर

हृदय रोग निश्चेतना विशेषज्ञ

डॉ. अंकुर गाँधी | डॉ. कल्पेश मिस्त्री | डॉ. सुमित तवरी | डॉ. अर्चना देवतारा | डॉ. हिमांशु अनीजवाल

- अत्याधुनिक कैथ लैब
- मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर
- 40 बेडेड सीसीयू
- 30 बेडेड सीटीवीएस आईसीयू
- 24x7 डॉक्टर्स की उपलब्धता
- 24x7 कार्डियक इमरजेन्सी
- नवजात, बच्चे व व्यस्कों के हृदय रोग का इलाज
- नवीनतम तकनीकें

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना
राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (RGHS)
सभी सरकारी, निजी, टी.पी.ए. (TPA) व इन्श्योरेन्स से अधिकृत।

गीतांजली मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
एकलिंगपुरा चौराहा के पास, उदयपुर (राज.)

+91 97733 56092
+91 97845 96209

RNI No. RAJHIN/2013/50687 POSTAL REGN. RJ/UD/29-114/2025-2027 प्रेषक कार्यालय : मुख्य डाकघर चेतक सर्कल, उदयपुर प्रकाशन दिनांक : 15.12.2025 प्रेषण दिनांक प्रत्येक माह की 18–22

स्वदेशी व आत्मनिर्भरता से साकार होगा विकसित भारत का संकल्प

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य तभी साकार होगा जब युवा स्वदेशी विचार, कौशल, तकनीक और उद्यमिता को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं की नवाचार क्षमता, डिजिटल दक्षता और स्टार्टअप दृष्टि देश की अर्थव्यवस्था को नई गति देती है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की राष्ट्रीय युवा नीति–2024 शिक्षा, रोजगार, नेतृत्व और सामाजिक न्याय पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया और माई भारत पोर्टल के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण, वित्तीय सहयोग और डिजिटल उद्यमिता के अवसर मिल रहे हैं। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि राजस्थान सरकार की मुख्यमंत्री युवा उद्यम प्रोत्साहन योजना एवं विश्वकर्मा युवा उद्यमी योजना से रोजगार और स्वरोजगार को बढ़ावा मिल रहा है। अंत में उन्होंने युवाओं से "लोकल से वोकल" को जीवन मंत्र बनाकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने जनसमस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निदान की दिशा में उठाए सार्थक कदम

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने सोमवार को विधायक जन संवाद केंद्र पर क्षेत्रवासियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से भेंट कर जन समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समयबद्ध समस्या निवारण ही सुशासन की मूल भावना है और इसी उद्देश्य से जन संवाद केंद्र निरंतर सक्रिय है।

Facebook kiranmaheshwari.bjp
Instagram kiranmaheshwari.bjp
Twitter kiransnm
DOWNLOAD Kiran Maheshwari APP

प्रबंधकीय कार्यालय
457, अम्बामाता योजना,
उदयपुर - 313004,
मो. 0294- 3551805

प्रधान सम्पादक
डॉ. सत्यनारायण माहेश्वरी
94143 16490

सम्पादक
अनिल चतुर्वेदी
9414164431

सह–सम्पादक
राजेश शर्मा
9414786019

प्रकाशक मुद्रक एवं स्वामी :
स्वत्वाधिकारी किरण माहेश्वरी स्मृति मंच की ओर से प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. सत्यनारायण माहेश्वरी, 457 अम्बामाता योजना, उदयपुर – 313004 से प्रकाशित। न्यूट्रेक ऑफसेट प्रिंटर्स, हिरण मगरी, उदयपुर से मुद्रित। पूर्व स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक : स्वर्गीय श्री जगदीश चंद्र देवपुरा, संपादक अनिल चतुर्वेदी

वार्षिक शुल्क – 300/– आजीवन शुल्क – 2100/–
contact@kiranmaheshwari.com
www.kiranmaheshwari.com